**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 18-09-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा रेंज के जनपदों के एसपी के साथ की गयी मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 18.09.2025 को परिक्षेत्रीय कार्यालय सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्र के जनपदो के एसपी के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गयी । डीआईजी0 बस्ती द्वारा गोष्ठी मे वर्तमान में चलाये जा रहे कुल 05 अभियानों आपरेशन क्लीन,पटाखा दुकान/भण्डारण स्थल का सत्यापन,लंबित अभियोगों के निस्तारण, गो तस्करी, शस्त्रों के कारतूस के सत्यापन के संबंध में प्रभावी कार्यवाही कराने तथा वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी कराने, महिला संबंधी अपराधो, एससी/ एसटी एक्ट के अपराधो व शासन की प्राथमिकता वाले बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर प्रभावी कार्यवाही कराने, अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कराने, 107 BNSS व 14(1) गैंगेस्टर अधि0के तहत सम्पत्ति जब्तीकरण कराने, पुरस्कार घोषित अभियुक्तो की गिरफ्तारी कराने, गो तस्करी के दृष्टिगत रात्रि में प्रभावी चेकिंग कराने,टाप अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही कराने, IGRS,NCRP,पब्लिक ग्रीवांश रिव्यू पोर्टल, सीएम जनता दर्शन,मुख्यालय से प्राप्त इन बाउंड आउटबाउंड लंबित शिकायती प्रार्थना पत्रो का समयबद्ध निस्तारण कराने,सीएम डैश बोर्ड, CCTNS, IGRS की रैंकिंग में और सुधार लाने,लंबित विभागीय पत्रावलियों के निस्तारण, 14(1) की कार्यवाही में यथाशीघ्र निर्णय लेकर निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही साथ नाइट पुलिसिंग, कम्युनिटी पुलिसिंग कराने, नियमित पैदल गस्त कराने,सी प्लान ऐप में बीट कर्म0व सम्भ्रान्त व्यक्तियो आदि का मोबाइल नंबर अद्यावधिक कराने, त्रिनेत्र 2.0 ऐप पर डाटा अपडेट कराने, मा0न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं का समय से तामीला कराने,पीआरवी 112 के रिस्पांस टाइम में सुधार कराने, मृतक आश्रित पत्रावलियों के निस्तारण व चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लंबित पत्रावलियों में सीएमओ से वार्ता कर निस्तारण,आवंटित बजट से व्यय हेतु आरटीसी को प्रथम वरीयता देने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त गोष्ठी मे एसपी सिद्धार्थनगर डॉ0अभिषेक महाजन, एसपी बस्ती श्री अभिनन्दन तथा एएसपी संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह, परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभी शाखा प्रभारीगण व अन्य मौजूद रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**